कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03.03.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में खेल प्रतिभाओं का सम्मान किया गया

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन पुरस्कार प्राप्त ओलंपियन श्री राजेन्द्र प्रसाद थे। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय खिलाड़ी रीना रज़क थी।

मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने हेतु प्रयास करने एवं जीवन में अनुशासन, समय का पाबंद होना महत्वपूर्ण है। उन्होनें बताया कि खेल हार–जीत लगी रहती है। हमारी हार में भी जीत की पूरी सम्भावनायें बनी रहती हैं जिसे मेहनत से प्राप्त किया जा सकता है।

राष्ट्रीय खिलाड़ी रीना रजक ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि महाविद्यालयीन स्तर पर खेल गतिविधियों को जिस तरह प्रमुखता दी जा रही है वह प्रशंसनीय है। हमें खेल के साथ–साथ लगन से पढ़ाई भी करनी चाहिये।

अपनी अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. सुशीलचन्द्र तिवारी ने कहा कि दुर्ग संभाग में महाविद्यालय की छात्रायें खेलकूद में अग्रणी है तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहीं है।

शासकीय कन्या महाविद्यालय की ओर से ईस्ट जोन एवं अखिल भारतीय खेलो में प्रतिनिधित्व करने वाले 39 खिलाड़ी रिया वर्मा, निशा नेताम, रागिनी झा, विद्या, पूनम नायक, रितिका निषाद, अमिषा गिरी (सभी बास्केटबॉल) दुर्गा स्वामी, सुनिधि मिश्रा, प्रिया तिवारी, ए अर्चना, अदिती शाह (सभी हैण्डबॉल) जागेश्वरी पटेल, दिप्ती,निधि सूर्यवंशी, मनस्वी निर्मलकर, प्रिया साहू, मोनिका, ईशा त्रिपाठी (सभी क्रिकेट) सुषमा शिखा, प्रिया शिखा, दिव्या साहू, तोमेश्वरी जंघेल (सभी बालीबॉल) प्रियंका साहू, प्रतिमा साहू (क्रॉस–कंट्री) पूनम नायक (नेटबॉल), प्रियंका साहू (एथलेटिक्स) चारू वर्मा (सॉफ्टबॉल)।

महाविद्यालय में कार्यरत् श्रीमती नीता हेमरोम द्वारा सुपुत्र ऐरिक पलाश हेमरोम जूडो खिलाड़ी की स्मृति में महाविद्यालय की ऐसी खिलाडियो को पुरस्कृत किया गया जिनके खेल विश्वविद्यालय सूची में सम्मिलित नही है एवं एन.सी.सी. की छात्रा जिसने गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लिया ज्योति देशमुख, अंर्तराष्ट्रीय ताईकान्डो खिलाड़ी भावना बंजारे एवं अन्य खेलो के राष्ट्रीय खिलाड़ियो को सम्मानित किया गया है। वर्षिक खेलकूद के अंतर्गत मटका फोड, कुर्सी दौड़, स्लो सायकल, बैडमिन्टन, शंतरज, कैरम डॉजबॉल के खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋतु दुबे क्रीड़ा अधिकारी ने किया और आभार प्रर्दशन डॉ. ऋचा ठाकुर, प्राध्यापक ने किया इस अवसर पर श्रीमती रीता शर्मा, मधु पाण्डे, वर्षा त्रिपाठी, तृप्ती खरे, माजदा खातून, नूतन देशमुख उपस्थित थे। प्रतियोगिता के आयोजन में श्री विजय चन्द्राकर, श्री विमल यादव ने अपना अमूल्य सहयोग किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में
खेल प्रतिभाओं का सम्मान किया गया